## सार-समाचार

### कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान

**भीम,** (नि.सं.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर विधायक सुदर्शन सिंह रावत के निर्देश पर भीम विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत टोगी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भीम द्वारा आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अभियान में राहुल गांधी जी के संदेश को आमजन तक पहुंचाया गया। इसी दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष्ज्ञ प्रभुदयाल नागर की अध्यक्षता में सभा आयोजित की गई। जिसमें सरपंच शांता देवी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जी, ब्लॉक प्रवक्ता धन्नालाल सेन, कांग्रेस नेता नारायण सिंह पूर्व सरपंच बाबू सिंह पूर्व पंचायत समिति सदस्य मूल सिंह, वार्डपंच नेनू सिंह बंशीनाथ सेवा निवृत अध्यापक गोविंद सिंह मीडिया प्रभारी सागर सिंह कमलेश जैन, गोपाल सिंह हुकम सिंह, भंवर सिंह चौन सिंह सोहन लाल प्रजापत, बाबूलाल गणपत सिंह, खंगार सिंह लीला चौहान, डाली देवी, मंजू देवी, शुशीला देवी, शोभा देवी, बनिता देवी, लीला देवी, भंवरी देवी, जशोदा देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी व पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्तागण, महिलाएं व लोग उपस्थित थे। इसी प्रकार क्षेत्र के बालोतो की गुआर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भीम द्वारा आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अभियान में राहुल गांधी के संदेश को आमजन तक पहुंचाया गया। इसी दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल नागर सरपंच विमला खटीक, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, ब्लॉक प्रवक्ता धन्नालाल सेन, कांग्रेस नेता भंवर सिंह कातेला, नारायण सिंह पटेल, पूर्व सरपंच ओम प्रकाश टाक, किशोर चंदेल, सोहन सिंह मोडाकाकर, उदय सिंह, पिंटू सिंह व पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्तागण, महिलाएं व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस को कोसा

**राजसमंद,** (नि.सं.)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक में जनता को कोई नई सुविधा नहीं दी गई है। निः शुल्क उपचार, निः शुल्क निदान और जांच व निः शुल्क औषधि की व्यवस्था राजस्थान में विगत कई वर्षों से चल रही है। राज्य सरकार स्वयं प्रचार कर रही है कि प्रदेश की 80 प्रतिशत जनसंख्या चिंरजीवी योजना एवं जन आरोग्य योजना में आवृत है। इन्हें निजी चिकित्सालयों में भी नकद भुगतान रहित उपचार मिल रहा है। विधायक ने विधानसभा में स्वास्थ्य अधिकार विधेयक पर चर्चा करते हुए कहा कि यह विधेयक जनता में झूठे प्रचार अभियान के लिए लाया गया है। वर्तमान की राजस्थान सरकार प्रचार जीवी एवं घोषणा जीवी है। विधेयक से जनता को एक भी नई सुविधा नहीं दी गई है किन्तु निजी चिकित्सालयों को इंस्पेक्टर राज में लाकर खुला भ्रष्टाचार करने का काम किया जा रहा है। माहेश्वरी ने सदन में कहा कि विगत 4 वर्षों में राजकीय चिकित्सालयों की भारी अनदेखी की गई है। सरकारी चिकित्सा संस्थानों में नहीं तो चिकित्सक है, नहीं नर्सिंग कर्मी है और भौतिक स्थिति की भी दुर्दशा की गई है। जनता को यदि सही अर्थों में स्वास्थ्य का अधिकार देना है तो पंचायत स्तर तक राजकीय चिकित्सा संरचना को सुदृढ बनाना होगा। सरकारी चिकित्सालयों में साफ –सफाई, स्वच्छता और आपात चिकित्सा व्यवस्था पर ध्यान देना होगा। दीप्ति माहेश्वरी ने सदन में कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य अधिकार विधेयक की धारा 5 में संसाधन जुटाने का प्रावधान किया है। इसका अर्थ स्पष्ट है कि सरकार आने वाले समय में इस विधेयक के बहाने जनता पर नये कर थोपेगी।

### मुला माताजी कपासन का 10 दिवसीय मेला

**कपासन,** (नि.सं.)। कपासन कस्बे के प्राचीन शक्ति पीठ मूला माता का चैत्र नवरात्र का 10 दिवसीय मेला भव्य कलश यात्रा के साथ बुधवार को शुरू हुआ। कलश यात्रा दोपहर बाद राजेश्वर सरोवर से शुरू हुई। जिसमें महिलाएं नारियल लगे कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा डीजे के यात्रा में सजी धजी महिलाएं कलश यात्रा राजेश्वर तालाब स्थित सरोवर हनुमान जी मंदिर शुरू हुई। जो सुनारा मंदिर चोक, पिपिली बाजार, गणेश चोक, खारी बावड़ी बालाजी, पुराना बस स्टैंड, पांच बत्ती चोराहा, श्री राम मार्केट, बस स्टैंड, शिवाजी चौक से होता हुआ राजमार्ग से होकर मूला माता पहुंची। कलश यात्रा में कस्बे समेत आस पास के ठाामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। साथ ही कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं घोड़े ने करतब दिखाए। मुला माता विकास ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि दस दिवसीय मेला मेवाड़ महामंडलेश्वर चेतन दास महाराज के सानिध्य में पूजा अर्चना कर शुरू किया गया। मेले में दस दिनों तक भजन संध्या और संस्कृति कार्यक्रम होंगे। दस दिन तक मेलार्थियों और श्रद्धालुओं के लिए भंडारा चलेगा। 31 मार्च को मेले का समापन आतिशबाजी और 71 फीट लंबे रावण के पुतले के दहन के साथ होगा।

### पाटिया तालाब में श्रमदान किया

**भीम,** (नि.सं.)। अन्तर्राश्ट्रीय जल दिवस के अवसर पर पंचायत समिति भीम के कर्मचारियों एवं अन्य ब्लाक स्तरीय कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा कस्बे के रातड़ी पाटिया तालाब में श्रमदान करते हुए आमजन को जल संरक्षण की महता एवं मितव्ययता से जल उपयोग का संदेष प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रमदानकर्मियों को जल संरक्षण की महता एवं मितव्ययता से जल उपयोग की षपथ ग्रहण की गई। श्रमदान करने में सहायक अभियंता विजय बहादुरपाल सहायक विकास अधिकारी कैलाष चंद प्रजापति सरपंच यषोदा कंवर ग्राम विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार भावरिया तकनीकी सहायक विजयपाल कृशि अधिकारी कमलेष यादव पीएचईडी जेईएन धन्नालाल एवं भू जल संरक्षण जेईएन हनुमान बुन्देला तेजपाल लोकेष कुमार जगदीष पडियार आदि उपस्थित थे।

### परिवादों के त्वरित निस्तारण के आदेश

**भीम,** (नि.सं.)। ब्लाक स्तरीय मासिक बैठक उपखण्ड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत के निर्देशन में पंचायत समिति सभागार में बुधवार को आयोजित हुई। उपखण्ड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत ने सिलसिलेवार सभी प्रकरणों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये एवं पत्थरगढी रास्ता विवाद राजस्व वसूली गिरदावरी एवं सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की प्रगति रिपोर्ट लेकर समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के आदेश प्रदान किये। इस दौरान कई प्रकरणों का मौके पर हाथें हाथ निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में राजस्व अधिकारियों सहित सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बोहरा समुदाय का पवित्र रमजान माह का आगाज

### पहला रोजा सम्पन्न मस्जिदों पर की आकर्षक रोशनी

**डूंगरपुर,** (नि.सं.)। शहर में बोहरा समुदाय द्वारा पवित्र रमजान माह बुधवार से प्रारंभ हुआ। बोहरा समुदाय के बुजुर्ग से लेकर नन्हे बच्चों ने पहला रोजा रखकर दिन भर इबादल में मशगुल रहा। बोहरा समाज की मस्जिदो को आकर्षक रोशनी से सजाया व सवारा गया वही अपने अपने घरो पर भी रोशनी की गई। वही शहर की सैफी मस्जिद, पुराना अस्तपाल स्थित बोहरा मस्जिद तथा शास्त्री कॉलोनी स्थित बदरी मस्जिद में समाज के पुरूष व महिलाओ व बच्चो ने नमाजे अदा की। इसके पश्चात शाम को शाम को पहला रोजा इफ्तार के साथ देश व शहर में अमन चैन की दुआएं की गई।

कपासन, (नि.सं.)। महर्षि गौतम जयंती पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज कपासन द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बुधवार को महर्षि गौतम जयंती के अवसर पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा गौतम आश्रम से शोभा यात्रा डीजे के साथ रवाना हुई। जो उदयपुर रोड पांच बत्ती चौराहा बस स्टैंड कुम्हार मोहल्ला गौतम चौक सहित आदि मार्ग होते हुए गौतम आश्रम पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। साथ काल समाज के अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ। इससे पूर्व प्रातकाल गौतम आश्रम परिसर में धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ हवन हुआ। समाज के अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय की उपस्थिति में प्रतिभा सम्मान समारोह का भी हुआ।

### बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद का चुनाव 31 मार्च को

**राजसमंद,** (नि.सं.)। बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के लिए 31 मार्च को चुनाव होंगे। चुनाव अधिकारी रजनीकांत सनाढ्य ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र 27 मार्च दोपहर 12 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। 27 मार्च को दोपहर 1 बजे तक नाम निर्देशन पत्र की जांच की जाएगी। शाम 4:30 बजे तक नाम निर्देशन पत्र वापस ले सकेंगे। इसके पश्चात यदि आवश्यक हुआ तो बार भवन में 31 मार्च को प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। उसी दिन शाम 4:30 बजे मतगणना कर व परिणाम की घोषणा की जाएगी।

# जिला परिषद् सी.ओ. ने भीण्डर हॉस्पिटल का निरीक्षण किया

**भीण्डर,** (नि.सं.)। उदयपुर जिले के सबसे बडे उपखण्ड भीण्डर मुख्यालय के स्व.गुलाबसिंह शक्तावत राजकीय सामान्य चिकित्सालय की अनियमिताओं की शिकायत को लेकर उदयपुर जिला कलक्टर तारांचद मीणा के निर्देश पर जिला परिषद सीओ मयंक मनीष बुधवार को भीण्डर हॉस्पिटल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। यहां मयंक मनीष ने जनप्रतिनिधियों व आमजनों से हॉस्पिटल की विभिन्न समस्याओं को जाना और उनके निराकरण के लिए चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिये। वहीं भीण्डर हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर सहित वार्ड एवं अन्य स्थानों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान भीण्डर पंचायत समिति प्रधान हरिसिंह सोनिगरा ने भीण्डर चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश काबरा को तुरन्त हटाने एवं सर्जन डॉ. संदीप को पुनः लगाने की मांग रखी। ऐसा नहीं होने पर भीण्डर हॉस्पिटल के घेराव की चेतावनी दी।

## जनता सेना ने की आंदोलन की चेतावनी

उल्लेखनीय हैं कि भीण्डर हॉस्पिटल में अनियमिताओं को लेकर 16 मार्च को जनता सेना संरक्षक व पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर के नेतृत्व में उदयपुर कलैक्टर ताराचंद मीणा व सीएमएचओ डॉ. शंकर बामणिया को ज्ञापन देकर आन्दोलन की चेतावनी दी थी। भीण्डर हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान वार्ड के पास बने हुए महिलाओं के शौचालय को बंद देखकर सीओ मंयक मनीष ने सवाल किया तो वो खराब होना बताया। जिस पर मयंक मनीष ने चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश काबरा को कहा कि आप मूलभूत सुविधाएं ही पूरी नहीं कर पा रहे हैं, पर प्रभारी डॉ. काबरा ने कहा कि मरम्मत करवा करके जल्द शुरू करवायेंगे।

## वार्डों में फटे चद्दर देख उखडे जांच अधिकारी

भीण्डर हॉस्पिटल के वार्डों में जब सीओ निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो देखा कि वार्ड में बेड पर बिछा रखी चद्दर ही फटें हुए थे। इस पर सीओ मयंक मनीष उखड गये कि आखिर हॉस्पिटल में 7 वार्डों का भी उचित रखरखाव नहीं कर पा रहे हैं तो कैसी व्यवस्था संभाल रखी है। इस पर वार्ड प्रभारी को बुलाया गया और उसके निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन सुबह-शाम सभी वार्डों का निरीक्षण करके साफ-सफाई और व्यवस्था का अवलोकन करके प्रभारी को रिपोर्ट करेगा।

## आने पर की सफाई, फिर भी झालें नहीं हुए साफ

निरीक्षण के दौरान आईसीयू वार्ड को भी खोल रखा था, जिसमें साफ-सफाई करके चमकाने की कोशिश की हुई थी। लेकिन वार्ड के गेट पर ही झालें लगे होने पर एक नागरिक ने बोल दिया कि साहब ये तो आपके आने की सूचना पर आनन-फानन में सफाई करके वार्ड खोले हैं लेकिन फिर भी झालें रह गये है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि आपके निरीक्षण की सूचना होने से हॉस्पिटल को ऐसा चमका दिया और सभी यहां घूम रहे हैं, वरना आम दिनों में यहां के हालत देख लो तो आप यहां खडे भी नहीं रह सकेंगे।

## ऑपरेशन थियेटर में तुरन्त बदलों लाइट

भीण्डर हॉस्पिटल के ऑपरेशन थियेटर में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे तो बडी-बडी लाइटों के साथ रोड लाइट लगी हुई थी। जिस पर सीओ मयंक मनीष ने कहा कि ऑपरेशन थियेटर की लाइट को सही करवाओ या नई लगवाओ। इस पर प्रभारी डॉ. काबरा ने कहा कि ये लाइट अब ठीक होकर वैसा प्रकाश नहीं दे सकती है। इसलिए अभी इसी लाइट से ऑपरेशन किये जा रहे है। इस पर सीओ ने नई लाइट खरीद करके लगाने के निर्देश दिये।

## डॉक्टर व नर्सिंगकर्मी लगाने की रखी मांग

भीण्डर पंचायत समिति प्रधान हरिसिंह सोनिगरा ने कहा कि भीण्डर हॉस्पिटल में बच्चों का डॉक्टर नहीं है। जबकि यहां पर सैकडों डिलेवरी हो रही है। वहीं नर्सिंगकर्मी भी नहीं है। इस पर सीओ मयंक मनीष ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि यहां पर 7 दिनों में सर्जन, बच्चों का डॉक्टर एवं अन्य विशेषज्ञों को लगावें। वहीं नर्सिंगकर्मियों के रिक्त पडे पदों को भी जल्द भरने के निर्देश दिये।

## डॉ. संदीप को पुन : लाने व डॉ. काबरा को हटाने की मांग

भीण्डर पहुंचे जिला परिषद सीओ मयंक मनीष से जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने मुलाकात के दौरान भीण्डर चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश काबरा को हटाने की मांग रखी और भीण्डर हॉस्पिटल से हटाएं गये डॉ. संदीपसिंह चौहान को पुनः लगाने की मांग भी रखी। वहीं चेतावनी दी कि ये आदेश नहीं हुए तो जल्द भीण्डर हॉस्पिटल का घेराव करके आन्दोलन किया जायेगा। इस दौरान भीण्डर पंचायत समिति प्रधान हरिसिंह सोनिगरा, पूर्व पालिकाध्यक्ष व पार्षद गोवदर्धनलाल भोई, भीण्डर नगर पालिका उपाध्यक्ष मगनीराम रेगर, पार्षद जितेन्द्र साहु, ओमप्रकाश भोई, मोहनलाल मीणा, जनता सेना मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र वाणावत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अशोक धर्मावत, किशनलाल अहीर, महेन्द्र सिंह पंवार, यशवंतसिंह चौहान आदि उपस्थित थे। वहीं भीण्डर ब्लॉक सीएमओ डॉ. संकेत जैन, भीण्डर चिकित्सा प्रभारी डॉ. मुकेश काबरा, आरसीएचओ डॉ. अशोक आदित्य, राजेन्द्र सोलंकी आदि उपस्थित थे।

# भगवा झंडों के साथ निकाली रैली

**भीण्डर,** (नि.संत्र)। भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2०8० के अवसर पर बुधवार शाम को भीण्डर भव्य वाहन रैली निकाली गई। भीण्डर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से मोटरसाइकिल पर सवार होकर युवा भीण्डर पहुंचे। यहां पर सूरजपोल से सैकडों वाहनों पर युवा भगवा ध्वज लहराते हुए वाहन रैली शुरू की। वाहन रैली सूरजपोल से गिरवलपोल, खादी भण्डार, चांदपोल, नई आबादी, पुलिस थाना रोड, रामपोल बस स्टेण्ड, बाहर का शहर, मोचीवाडा, रावलीपोल, सदर बाजार, सर्राफा बाजार, साठडिया बाजार, नायकवाडी, रामद्वारा, सूरजपोल, हॉस्पिटल रोड, रामपोल बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन रोड होते कृषिमण्डी पर समाप्त हुई।

वाहन रैली में सबसे आगे बैण्डबाजें राम भजन बजाते हुए चल रहे थे, इनके पीछे भीण्डर क्लब का रथ जिस पर ढोल-नगाडों की धून के साथ युवा थिरक रहे थे। इसके पीछे बच्चे अपनी साइकिलों पर भगवा झंडियों के साथ चल रहे थे। इसके बाद सैकडों मोटरसाइकिलों पर युवा भगवा ध्वजों को लहराते हुए चल रहे थे। वाहन रैली का भीण्डर के विभिन्न जगहों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। वहीं वाहन रैली को देखने के लिए सभी जगहों पर लोगों की भीड एकत्रित देखी गई।

भारतीय नववर्ष के अवसर पर समस्त हिन्दू समाज के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम में 23 मार्च गुरूवार को दोपहर एक बजे से भव्य कलश व शोभायात्रा निकाली जायेगी। जिसमें 51०० महिलाएं कलश लेकर चलेगी। इसके अलावा विभिन्न झांकियां, अखाडा प्रदर्शन सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां होगी। शोभायात्रा के बाद कृषिमण्डी प्रांगण में हिंदू धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें साध्वी सरस्वती एवं संत अवधेशानंद महाराज भाग लेंगे।

# लीकेज पाइपसे पानी व्यर्थ बह रहा

**राजसमंद,** (नि.सं.)। जिला मुख्यालय के समीपवतर्री मोही कस्बे के अंजुमन क्षेत्र में पिछले 1 माह से जलदाय विभाग की लीकेज पाइप लाइन से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है।

कई बार शिकायतें करने के बावजूद जिम्मेदार लोगों के ध्यान नहीं देने से यहां बडा गड्ढा बन चुका है। लगातार पानी जमा रहने से रोड भी टूट चुकी है जहां आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है।

वही जब नल में पानी बंद होता है तब गंदा पानी पाइप लाइन से घरों पहुंचता है जिससे कई प्रकार की बीमारी पनपने का खतरा बना रहता है।

क्षेत्र के आसपास स्कूल होने के कारण विद्यार्थियों को दिन भर आना-जाना रहता है जिससे उन्हें भी काफी परेशानी का सामना करना पडता है।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने लीकेज पाइपलाइन को निकालकर सही करने की मांग की है।

# पानी बचाने का संदेश दिया

**नाथद्वारा,** (नि.सं.)। पानी की एक एक बूंद बचाने का संकल्प के साथ नई पीढी को जल है तो जीवन है का संदेश देने में अपना योगदान दे और इस मुहिम को अपने गांव कस्बे से शुरू कर सकते हैं। ग्राम गंगा के शुद्धिकरण से नवाचार कर पानी के संरक्षण की दिशा में आगे बढने का संकल्प लें। उक्त विचार राजसमंद झील एवं गोमती नदी संरक्षण अभियान के सूत्रधार समन्वयक दिनेश श्रीमाली ने विश्व जल दिवस पर नाथद्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट में संस्कृति फाउंडेशन, तेलंगाना (हैदराबाद) तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर प्रमुख वक्ताव्यक्त किए।

उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब तक ग्राम गंगा का शुद्धिकरण नहीं होगा तब तक गंगा कैसे शुद्ध हो सकती है। उन्होंने जल है तो कल है इस मुहिम को और अधिक आगे बढाने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। व्याख्याता डॉ. स्वाति धाकड ने अतिथियों का परिचय कराया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पीआरओ धर्मेश पालीवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या डॉ. रंजना शर्मा ने संस्कृति फाउंडेशन तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के साथ महाविद्यालय में किए गए कार्यो जैसे योगा फॉर यूथ, सैनिकों के साथ रक्षा बंधन, स्वच्छता मिशन आदि पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। अन्त में धर्मेश पालीवाल, डॉ. रंजना शर्मा एवं डॉ पंकज राठी ने दिनेश श्रीमाली को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

# कलश यात्रा निकाली

**डूंगरपुर,** (नि.सं.)। जिलें सहित शहरभर में चैत्र नवरात्र पर्व के साथ ही राम जन्मोत्सव की धूम प्रारंभ हो गई। गुरूवार को रामोत्सव आयोजन समिति द्वारा शहर के रामबोला मठ से 15०० कलश एवं 1०1 पौथी यात्रा आकर्षण का केंन्द्र रही। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्वेत परिधान में पुरूष एवं लाल परिधानो में महिलाए मस्तक पर पौथी एवं कलश थामें भजनों पर झुमतें दिखाई दिये। शोभायात्रा रामबोला मठ से शास्त्री मार्ग होते हुए बादल महल स्थित धर्म कथास्थल पर पहुँची। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानो पर स्वागत किया गया। यात्रा के कथास्थल पहुचने पर सर्वप्रथम पौथी पूजन किया गया।

यात्रा के बाद सैकडों धर्मप्रेमियो ने कथावाचक कमलेश भाई शास्त्री के सानिध्य में कथाश्रवण का लाभ लिया। कथा के पहले दिन कथावाचक शास्त्री ने रामचरित मानस गं थ के वाचन एवं अनुसरण का मानव जीवन में लाभ के साथ ही मानस पर अपना व्याख्यान दिया। शास्त्री ने कथा के दौरान बारिश होने पर कहा कि, राम के लिए मां गंगा आज स्वंय अवतरित हुई हैं। कथा के दौरान नित्य मुख्य यजमान एवं कथा यजमान पौथी पुजन का लाभ लेगें।

बादल महल के मैदान पर 29 मार्च तक रामकथा की भक्तिसरिता बहेगी और 3० मार्च को चैत्र नवरात्र के समापन के साथ ही शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

## जीएसटी के अंतर्गत एलयूटी

व्यवसाय करना सरल बनाने की दिशा में एक कदम

एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का भुगतान किये बिना अथवा निर्यात बॉन्ड प्रस्तुत किये बिना माल या सेवाओं अथवा दोनों की शून्य–रेटेड आपूर्ति करने के इच्छुक जीएसटी करदाता ध्यान दें!
कृपया जीएसटी के अंतर्गत लेटर ऑफ अथॉरिटी (एलयूटी) दाखिल करें

01–04–2023 तथा इसके बाद शून्य–रेटेड आपूर्तियां करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 से संबंधित नया एलयूटी फॉर्म जीएसटी पोर्टल पर उपलब्ध है



### लेटर ऑफ अथॉरिटी क्या है

सभी शून्य–रेटेड आपूर्तियां आईजीएसटी के भुगतान के अधीन हैं, जिस पर बाद में रिफंड के तौर पर पुनः दावा किया जा सकता है। सीजीएसटी अधिनियम के तहत पंजीकृत कोई भी पात्र आपूर्तिकर्ता* फॉर्म GST RFD-11 में एलयूटी प्रस्तुत कर सकता है और आईजीएसटी का भुगतान किये बिना माल या सेवाओं अथवा दोनों की शून्य–रेटेड आपूर्ति कर सकता है

### एलयूटी प्रमाण-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया

- ☑ जीएसटी पोर्टल www.gst.gov.in पर लॉग–इन करें
- ☑ Services>User Services>Furnish Letter of Undertaking (LUT) पर क्लिक करें
- ☑ अपेक्षित विवरण दर्ज करें और फॉर्म GST RFD-11 दाखिल करें

विस्तृत प्रक्रिया के लिए कृपया स्कैन करें

*ऐसा व्यक्ति जिस पर सीजीएसटी अधिनियम के तहत ₹ 2.5 करोड़ या इससे अधिक का कर अपवंचन करने का मुकदमा किया गया है, एलयूटी प्रस्तुत करने का पात्र नहीं है

cbc 15502/13/0023/2223

जीएसटी के अंतर्गत एलयूटी-सुगम करे लिक्विडिटी

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड

@cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC INDIA @cbic www.cbic.gov.in